कार्यालय उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, इलाहाबाद।

पत्रांकः मा0शि0च0बो0/चयन/ 1443 /2018–19 दिनांक 28-6-2018

विज्ञप्ति

विज्ञापन संख्या–02/2011 प्रशिक्षित स्नातक जीव विज्ञान की लिखित परीक्षा दिनांक 17 जून, 2016 को सम्पन्न हुई थी। एक परीक्षा केन्द्र हलीम मुस्लिम इण्टर कालेज, कानपुर द्वारा मूल ओ0एम0आर0 पैकेट में अप्रयुक्त ओ0एम0आर0 तथा अप्रयुक्त ओ0एम0आर0 पैकेट में प्रयुक्त ओ0एम0आर0 शील्ड कर भेज दिया गया। इस कारण अप्रयुक्त साम्रगी के साथ मूल ओ0एम0आर0 पैकेट एवं अप्रयुक्त ओ0एम0आर0 मूल ओ0एम0आर0 के पैकेट में जैसा परीक्षा केन्द्र से प्राप्त हुआ था वैसा ही रख दिया गया।

मूल्यांकन के दौरान दिनांक 06.02.2017 को संज्ञान में लाया गया कि परीक्षा केन्द्र हलीम मुस्लिम इण्टर कालेज, कानपुर के पैकेट में अप्रयुक्त ओ0एम0आर0 है। तत्पश्चात् खोजबीन किये जाने पर अप्रयुक्त सामग्री जिस कक्ष में रखी गयी थी वहाँ प्रयुक्त ओ0एम0आर0 पाई गयी। जिसमें यह पैकेट सील्ड भींगी हुई हालत में मिला, इसे दिनांक 03.03.2017 को मूल्यांकन हेतु दिया गया।

मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान 04 ओ0एम0आर0 की स्कैनिंग इसलिये नहीं हो पायी कि वे आपस में इतने चिपक गये थे कि उसके गोले स्कैनिंग/मूल्यांकन की स्थिति में नहीं हैं। यह एक गम्भीर प्रकरण है। प्रकरण वर्तमान बोर्ड के संज्ञान में आने पर इसकी जाँच के लिये एक समिति गठित की गयी है। समिति की जाँच रिपोर्ट आने के पश्चात् ही इस विषय के परीक्षा परिणाम के बारे में चयन बोर्ड द्वारा निर्णय लिया जायेगा।

सचिव
उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,
इलाहाबाद।